# संयुक्त राष्ट्र लोकतंत्र कोष

भारत **संयुक्त राष्ट्र लोकतंत्र कोष (UNDEF)** का चौथा सबसे बड़ा दानकर्त्ता देश है जिसके तहत जॉर्ज सोरोस के ओपन सोसाइटी फाउंडेशन से जुड़ी विश्व भर में कम-से-कम 68 परियोजनाओं को अनुदान प्रदान किया जाता है।

- भारत ने जॉर्ज सोरोस के एनजीओ को वर्ष 2016 में निगरानी सूची में शामिल किया था।

## संयुक्त राष्ट्र लोकतंत्र कोष (UNDEF):

- **परिचय:**
  - संयुक्त राष्ट्र महासचिव कोफी ए. अन्नान द्वारा UNDEF की स्थापना वर्ष 2005 में विश्व भर में लोकतांत्रीकरण के प्रयासों का समर्थन करने के लिये संयुक्त राष्ट्र **जनरल ट्रस्ट फंड के रूप में की गई थी।**
    - वर्ष 2005 के विश्व शिखर सम्मेलन के दस्तावेज़ में महासभा द्वारा इसका स्वागत किया गया था।
  - यह विश्व भर में लोकतांत्रिक शासन को सुदृढ़ करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।
- **UNDEF's के जनादेश और परियोजनाएँ:**
  - UNDEF नागरिक समाज को सशक्त बनाने, मानवाधिकारों को बढ़ावा देने और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में सभी समूहों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने वाली परियोजनाओं को वित्तपोषित करता है।
  - UNDEF द्वारा अधिकांश धन स्थानीय नागरिक समाज संगठनों (CSOs) को प्रदान किया जाता है।
    - **संयुक्त राष्ट्र लोकतंत्र कोष (UNDEF) का सलाहकार बोर्ड वित्तपोषण** और नीतिगत सिफारिशें प्रदान करता है, निधिकरण के प्रस्तावों का मूल्यांकन करता है और महासचिव के अनुमोदन पर निधिकरण प्रस्तावों की सिफारिश करता है।
  - UNDEF,**100,000** से लेकर **300,000 अमेरिकी डॉलर तक का अनुदान देता है।**
  - अब तक अनुदान के 15 दौर में, UNDEF ने 130 से अधिक देशों में 880 से अधिक दो-वर्षीय परियोजनाओं का समर्थन किया है।
- **UNDEF के लिये भारत का समर्थन:**
  - इसकी स्थापना (2005) के बाद से भारत ने **32 मिलियन अमेरिकी डॉलर** से अधिक का योगदान दिया है।
    - **शीर्ष तीन दानकर्त्ता देश अमेरिका, स्वीडन और जर्मनी हैं।**
  - **वर्ष 2022 में** जब भारत ने **कोष में 150,000 अमेरिकी डॉलर** का योगदान दिया, तो यह 45 दानकर्त्ताओं के बीच चौथा सबसे बड़ा योगदान था।
  - भारत ने स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय CSO और NGO द्वारा संचालित परियोजनाओं के वित्तपोषण के माध्यम से विश्व भर में लोकतांत्रिक शासन को बढ़ावा देने के **UNDEF के मिशन का लगातार समर्थन** किया है

## स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/united-nations-democracy-fund